# दिनांक 12 एवं 13 जुलाई, 2017 को निदेशक, राज्य नगरीय विकास अभिकरण (सूडा), उ0प्र0 की अध्यक्षता में सूडा/डूडा के माध्यम से संचालित योजनाओं की मासिक समीक्षा बैठक का कार्यवृत्त।

**सूडा के पत्रांक– 1223/110/तीन/97–VII दिनांक 07–07–2017,** द्वारा निर्गत पत्र के माध्यम से दिनांक 12 एवं 13 जुलाई,2017 को समस्त जनपदों के परियोजना अधिकारी/सहायक परियोजना अधिकारियों के साथ सूडा द्वारा संचालित योजनाओ– राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन, प्रधानमंत्री आवास योजना(शहरी) तथा अन्य योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की गयी। समीक्षा बैठक का बिन्दुवार कार्यवृत्त निम्नवत् है:–

## दीनदयाल अन्त्योदय योजना– राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन (DAY-NULM)

दीनदयाल अन्त्योदय योजना –राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के अन्तर्गत त्रैमासिक समीक्षा में निम्नलिखित शहरों की प्रगति SHG गठन में 50% से कम पायी गयी का विवरण निम्नवत है:–

| क्र0सं0 | शहर का नाम | त्रैमासिक लक्ष्य | त्रैमासिक उपलब्धि | | प्रगति के सापेक्ष MIS Entry % में | | टिप्पणी (PO/CMM द्वारा दिया गया आश्वासन/बैठक में दिये गये निर्देश) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | सं0 | प्रतिशत | SHG | SHG सदस्य | |
| 1. | महोबा | 13 | 0 | 0 | 0 | 0 | जुलाई माह में लक्ष्य पूर्ण कर लिया जायेगा। |
| 2. | कानपुर देहात | 13 | 0 | 0 | 0 | 0 | जुलाई माह में लक्ष्य पूर्ण कर लिया जायेगा। |
| 3. | कन्नौज | 13 | 0 | 0 | 0 | 0 | सन्दर्भ संस्था नही है, जुलाई में लक्ष्य पूर्ण करने का प्रयास किया जायेगा। |
| 4. | चन्दौली | 13 | 0 | 0 | 0 | 0 | जुलाई माह में प्रगति परिलक्षित होगी। |
| 5. | शाहजहाँपुर | 30 | 1 | 3.33 | 0 | 0 | जुलाई में प्रगति परिलक्षित होगी। |
| 6. | रामपुर | 30 | 3 | 10.00 | 100 | 100 | परियोजना अधिकारी सम्भल को अतिरिक्त चार्ज विगत में मिलने के फलस्वरुप समीक्षा कर लक्ष्य पूर्ण करने का आश्वासन दिया जायेगा। |
| 7. | कानपुर नगर | 254 | 28 | 11.02 | 39.29 | 0 | बैंको द्वारा पैन कार्ड की अनिवार्यता के दृष्टिगत प्रगति वांछित की सूचना दी गई तथा लक्ष्य पूर्ण करने हेतु प्रयास का आश्वासन दिया। |
| 8. | झांसी | 34 | 4 | 11.76 | 100 | 27.50 | बैंको द्वारा पैन कार्ड की अनिवार्यता के दृष्टिगत प्रगति वांछित की सूचना दी गई तथा लक्ष्य पूर्ण करने हेतु प्रयास का आश्वासन दिया। |
| 9. | लखनऊ | 258 | 36 | 13.95 | 100 | 38.61 | बैंको द्वारा पैन कार्ड की अनिवार्यता एवं सन्दर्भ संस्थाओं द्वारा सुचारु रुप से कार्य न करने की स्थित से अवगत कराते हुए प्रगति सुधारने का आश्वासन दिया। |
| 10. | इलाहाबाद | 106 | 15 | 14.15 | 100 | 100 | 22 समूहों के खाते खुलना प्रक्रियाधीन होने के तथ्य से अवगत कराते हुए जुलाई माह के अन्त तक लक्ष्य पूर्ण करने का आश्वासन दिया। |
| 11. | बदायूँ | 14 | 2 | 14.29 | 100 | 100 | जुलाई में लक्ष्य पूर्ण करने के निर्देश दिये गये। |
| 12. | मुगलसराय | 13 | 2 | 15.38 | 0 | 0 | बैंको द्वारा पैन कार्ड की अनिवार्यता के दृष्टिगत प्रगति वांछित की सूचना दी गई तथा लक्ष्य पूर्ण करने हेतु प्रयास का आश्वासन दिया। |

| क्र0सं0 | शहर का नाम | त्रैमासिक लक्ष्य | त्रैमासिक उपलब्धि | | प्रगति के सापेक्ष MIS Entry % में | | टिप्पणी (PO/CMM द्वारा दिया गया आश्वासन/बैठक में दिये गये निर्देश) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | सं0 | प्रतिशत | SHG | SHG सदस्य | |
| 13. | मुरादाबाद | 80 | 15 | 18.75 | 40 | 0 | जुलाई में त्रैमसिक लक्ष्य पूर्ण करने के निर्देश। |
| 14. | अमरोहा | 19 | 04 | 21.05 | 25 | 0 | आगामी एक सप्ताह में त्रैमासिक लक्ष्य पूर्ण करने का आश्वासन दिया। |
| 15. | प्रतापगढ़ | 13 | 03 | 23.08 | 0 | 0 | सन्दर्भ संस्था ने कार्य करने से मना कर दिया अपितु जुलाई माह में लक्ष्य पूर्ण करने का आश्वासन दिया। |
| 16. | बरेली | 83 | 23 | 27.71 | 100 | 8.70 | जुलाई माह में लक्ष्य पूर्ण करने का आश्वासन दिया। |
| 17. | हरदोई | 18 | 5 | 27.78 | 100 | 100 | सन्दर्भ संस्था नही है अपितु जुलाई माह में लक्ष्य पूर्ण करने का आश्वासन दिया। |
| 18. | इटावा | 24 | 7 | 29.17 | 100 | 28.57 | जुलाई माह में लक्ष्य पूर्ण करने का आश्वासन दिया। |
| 19. | मेरठ | 119 | 35 | 29.41 | 82.86 | 100 | जुलाई में त्रैमसिक लक्ष्य पूर्ण करने के निर्देश। |
| 20. | फर्रुखाबाद | 25 | 8 | 32 | 100 | 100 | जुलाई में त्रैमसिक लक्ष्य पूर्ण करने के निर्देश। |
| 21. | लोनी (गाजियाबाद) | 48 | 17 | 35.42 | 70.59 | 65.88 | जुलाई में त्रैमसिक लक्ष्य पूर्ण करने के निर्देश। |
| 22. | मुजफ्फरनगर | 36 | 14 | 38.89 | 100 | 80 | जुलाई में त्रैमसिक लक्ष्य पूर्ण करने के निर्देश। |
| 23. | सन्तकबीर नगर | 13 | 5 | 38.46 | 100 | 88 | जुलाई में त्रैमसिक लक्ष्य पूर्ण करने के निर्देश। |
| 24. | आजमगढ़ | 13 | 5 | 38.46 | 100 | 90 | जुलाई में त्रैमसिक लक्ष्य पूर्ण करने के निर्देश। |
| 25. | मऊ | 25 | 10 | 40 | 100 | 100 | जुलाई में त्रैमसिक लक्ष्य पूर्ण करने के निर्देश। |
| 26. | हापुड़ | 24 | 10 | 41.67 | 90 | 55.56 | जुलाई में त्रैमसिक लक्ष्य पूर्ण करने के निर्देश। |
| 27. | जालौन | 18 | 8 | 44.44 | 100 | 98.75 | जुलाई में त्रैमसिक लक्ष्य पूर्ण करने के निर्देश। |
| 28. | आगरा | 145 | 66 | 45.52 | 100 | 7.25 | जुलाई में त्रैमसिक लक्ष्य पूर्ण करने के निर्देश। |
| 29. | चित्रकूट | 13 | 6 | 46.15 | 100 | 75 | जुलाई में त्रैमसिक लक्ष्य पूर्ण करने के निर्देश। |
| 30. | राबर्टसगंज (सोनभद्र) | 13 | 6 | 46.15 | 83.33 | 0 | जुलाई में त्रैमसिक लक्ष्य पूर्ण करने के निर्देश। |
| 31. | गाजियाबाद | 150 | 74 | 49.33 | 32.43 | 32.43 | जुलाई में त्रैमसिक लक्ष्य पूर्ण करने के निर्देश। |

इस प्रकार संबंधित शहरों द्वारा अप्रैल से जून त्रैमास हेतु निर्धारित लक्ष्यों में सापेक्ष अपेक्षित प्रगति पूर्ण किये जाने हेतु बैठक में उपस्थित परियोजना अधिकारियों/शहर मिशन प्रबन्धकों द्वारा दिये गये आश्वासन के संबंध में निर्देशित किया गया कि सभी शहर उक्त त्रैमास के लक्ष्य के साथ ही जुलाई माह के लक्ष्य को सम्मिलित कर इसी माह में सभी लक्ष्य पूर्ण किया जाय।

SM&ID घटक के अन्तर्गत SHG को RF के अन्तर्गत अवमुक्त की गई धनराशि की समीक्षा में पाया गया कि **बांदा, गाजीपुर, हरदोई, रामपुर एवं शाहजहॉपुर** शहरों द्वारा विगत वित्तीय वर्ष 2015–16 एवं 2016–17 में गठित किसी भी स्वयं सहायता समूहों को अभी तक रिवाल्विंग फण्ड अवमुक्त नही किया गया है, जबकि सभी शहरों में विगत वर्षों में गठित किये गये अधिकांश SHG, RF हेतु अर्ह है। वर्तमान वित्तीय वर्ष 2017–18 में केवल 48 शहरों द्वारा RF अवमुक्त किया गया है, शेष 26 शहरों यथा (बड़ौत, बागपत, बरेली, बिजनौर, मोदीनगर, जालौन, झांसी, कन्नौज, कानपुर देहात, कासगंज, मथुरा, मेरठ, मुरादाबाद, पीलीभीत, शामली, अमेठी, आजमगढ़, बहराइच, देवरिया, गोण्डा, कुशीनगर, मऊ,

श्रावस्ती, सिद्धार्थनगर, सुलतानपुर एवं गाजीपुर) में इस घटक के अन्तर्गत धनराशि की उपलब्धता के उपरान्त भी RF अवमुक्त नही किया गया है। RF अवमुक्त नहीं किये जाने की स्थित पर गहरी नाराजगी व्यक्त करते हुए सभी क्रियाशील एस0एच0जी0 को घटक के अन्तर्गत धनराशि की उपलब्धता के अनुसार प्रत्येक दशा में जुलाई, 2017 में रिवाल्विंग फण्ड अवमुक्त किये जाने के निर्देश दिये गये। यह भी निर्देश दिये गये कि यदि किसी शहर में इस घटक SM&ID के अन्तर्गत शहर/जिला स्तर पर फण्ड नही है तो तत्काल डिमांड एस0एम0एम0यू0 सूडा को उपलब्ध कराकर धनराशि अवमुक्त करा ली जाय।

समीक्षा में पाया गया कि 17 शहरों यथा **औरैया, ज्ञानपुर– भदोही, मुगलसराय– चन्दौली, इटावा, फर्रुखाबाद, गाजीपुर, हापुड, हरदोई, जालौन– उरई, कन्नौज, कासगंज, कुशीनगर– पड़रौना, मऊ, शाहजहाँपुर, श्रावस्ती– भिन्गा एवं सीतापुर** में SHG गठित होने के उपरान्त भी अभी तक क्षेत्र स्तरीय फेडरेशन्स (ALF) का गठन नही किया गया है जिसको गम्भीरता से लेते हुए कड़े निर्देश दिये गये कि सभी शहर संदर्भ संस्थाओं के माध्यम से तेजी से कार्य करते हुए प्रत्येक दशा में जुलाई माह तक ALF का पंजीकरण कराकर रिर्पोट करें।

उक्त के साथ ही इस घटक के अन्तर्गत वित्तीय साक्षरता कैम्पों का आयोजन कराये। SHG सदस्यों के बैंक में बचत खाता खुलवायें तथा बचत खाते प्रधानमंत्री जनधन योजनान्तर्गत भी खुलवाकर रिपोर्ट करें।

गठित SHG के सभी सदस्यों की तत्काल प्रशिक्षण पूर्ण कराने के साथ ही समन्वयन के माध्यम से प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, जन ज्योति बीमा योजना, अटल पेंशन योजना, जनश्री बीमा योजना, राष्ट्रीय स्वास्थ्य बीमा योजना एवं माइक्रोफाइन्नेंस का लाभ भी इस घटक एवं DAY-NULM के लाभार्थियों को दिलवाना सुनिश्चित किये जाने के निर्देश दिये गये।

इस घटक के अन्तर्गत शहरों में संचालित शहरी आजीविका केन्द्र (CLC) की प्रगति बेहतर करने हेतु सभी को निर्देशित किया गया कि CLC को आत्मनिर्भर बनने में संचालन संस्था के साथ–साथ PO भी अहम भूमिका निभाएं, जिसके दृष्टिगत आवश्यक है कि सभी PO's जनपदों में जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्य सचिव उ0प्र0 शासन द्वारा निर्गत शासनादेश संख्या–374/2016/771/69–1–2016–14(56)/2016 दिनांक 20.05.2016 के अनुक्रम में विभिन्न विभागों से कार्य हेतु पत्र निर्गत कराकर CLC को कार्य दिलाकर शहरी गरीबों को रोजगार उपलब्ध कराने की दिशा में तेजी से कार्य करें।

CLC के व्यापक प्रचार प्रसार हेतु तहसील दिवस में बैनर एवं शहरों में होर्डिग्स के माध्यम से भी व्यापक प्रचार प्रसार किया जाय जिसमें मुख्यालय स्तर पर संचालित टोल फ्री नं0 1800 1800 155 का भी व्यापक प्रचार प्रसार किया जाय।

**मेरठ, कन्नौज, शाहजहाँपुर, सीतापुर, लखीमपुर खीरी, हरदोई, मुजफ्फरनगर, बस्ती, हापुड़, बाराबंकी एवं सुल्तानपुर शहरों** में CLC स्वीकृत के एक वर्ष से अधिक का समय व्यतीत हो जाने के उपरान्त अभी तक संचालित न किये जाने पर गहरा असन्तोष व्यक्त करते हुए तत्काल जुलाई माह में संचालन के निर्देश दिये गये।

उक्त के साथ ही घटक के अन्तर्गत लक्ष्य पूर्ण हेतु निम्न निर्देश दिये गयेः–

1. आवंटित लक्ष्यों को पूर्ण किये जाने की रणनीति बनाते हुए लक्ष्यों को पूर्ण किये जाने हेतु तेजी से युद्ध स्तर पर कार्य किया जाये तथा **"मा0 मुख्यमंत्री जी के प्राथमिकता के दृष्टिगत घटक के सभी गतिविधियों में तदानुसार त्रैमासिक लक्ष्य के साथ ही जुलाई माह के लक्ष्यों को सम्मिलित कर प्रगति सुनिश्चित की जाय।"**
2. समूहों के बैंक में खाते खोलने में आ रही समस्याओं के निराकरण हेतु भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा दिनांक 03.07.2017 को निर्गत सर्कुलर संख्या– RBI/2017–18/11 FLDD.FID.BC. No 02/12.01.033/2017–18 सभी को सन्दर्भ हेतु वितरित किया गया कि बैंको में उक्त Circular के माध्यम से खाता खुलवाएं एवं बैंक लिंकेज भी कराये।

**SUH-** वर्ष 2014–15 में स्वीकृत आश्रय गृहों में अभी तक कानपुर के 03 तथा लखनऊ के 02 आश्रय ही क्रियाशील हो पाये हैं जबकि उपलब्ध विवरणानुसार 14 आश्रय गृहों की भौतिक प्रगति शत प्रतिशत हो गई है। इन्हें एक माह में कार्यशील कराया जाय। ये आश्रय गृह इन नगरों में स्थित हैः– कानपुर,

लखनऊ, आगरा, मुरादाबाद, मऊ, रायबरेली, उन्नाव, मैनपुरी, गोण्डा, महोबा, सोनभद्र, रामपुर। जिन आश्रयों में निर्माण कार्य 75% तक पूर्ण है उन्हें जुलाई 2017 तक पूर्ण कर शीघ्र कार्यशील किया जाय और प्रबन्धन और अनुरक्षण के लिए धनराशि अवमुक्त करने हेतु प्रस्ताव प्रस्तुत किया जाय। जिन आश्रय गृहों का निर्माण कार्य अभी तक आरम्भ नहीं हुआ है, वहाँ उपलब्ध कराई गई धनराशि वापस प्राप्त की जाय ताकि निर्माणाधीन अन्य आश्रयों में उसका उपयोग हो सके।

जिन आश्रयों के निर्माण के संबंध में मा0 न्यायालय से स्थगन आदेश प्राप्त है, उनमें प्रभावी पैरवी कर स्थगन आदेश निरस्त करने की कार्यवाही की जाय।

जनपदों के नगरीय निकायों में बेघर व्यक्तियों के सर्वेक्षण के संबंध में निर्देश जारी किये गये है, शहरी बेघरों की गणना और सर्वेक्षण प्राथमिकता के आधार पर कराया जाय।

**EST&P-** दीनदयाल अन्त्योदय योजना–राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन (DAY-NULM) के घटक कौशल प्रशिक्षण एवं सेवायोजन के माध्यम से रोजगार (EST&P) के अन्तर्गत सभी शहरों में प्रशिक्षणार्थियों के सेवायोजन की स्थिति को देखते हुए निम्नवत् निर्देशों का कड़ाई से पालन करने का निर्देश दिया गया:–

| क्र. सं. | प्रशिक्षणार्थियों के सेवायोजन की स्थिति | शहरों के नाम | निर्देश |
|---|---|---|---|
| 1. | 50% से कम और 40% से अधिक | अलीगढ़, कन्नौज, शाहजहाँपुर, मोदीनगर (गाजियाबाद), मथुरा, सम्भल, मुजफ्फरनगर, अमरोहा, लोनी (गाजियाबाद), बिजनौर, बुलन्दशहर, गाजियाबाद, सुलतानपुर, जौनपुर, बहराइच, वाराणसी, फैजाबाद, अम्बेडकरनगर, उन्नाव, लखनऊ, बलरामपुर। | इन शहरों को निर्देशित किया गया कि संस्थाओं को नोटिस जारी करते हुए रोजगार मेलों का आयोजन कराकर माह जुलाई, 2017 तक न्यूनतम 50% सेवायोजन कराकर एम0आई0एस0 पर अपलोड करें जोकि माह जुलाई, 2017 की मासिक समीक्षा में अनिवार्य रुप से परिलक्षित हो। |
| 2. | 40% से कम | मुरादाबाद, उरई (जालौन), रामपुर, खुर्जा (बुलन्दशहर), इटावा, औरैया, शामली, फिरोजाबाद, शिकोहाबाद (फिरोजाबाद), कासगंज, चन्दौली, सिद्धार्थनगर, मऊ, गोरखपुर, प्रतापगढ़, देवरिया, बलिया, खलीलाबाद (सन्तकबीर नगर), मंझनपुर (कौशाम्बी), ज्ञानपुर (भदोही), रायबरेली, हरदोई, राबर्टसगंज (सोनभद्र), बस्ती, आजमगढ़। | इन शहरों को सख्त निर्देश दिये गये कि संस्थाओं को नोटिस जारी करते हुए रोजगार मेलों का आयोजन कराकर 15 अगस्त, 2017 तक न्यूनतम 50% सेवायोजन कराकर एम0आई0एस0 पर अपलोड करें जोकि माह अगस्त, 2017 की मासिक समीक्षा में अनिवार्य रुप से परिलक्षित हो अन्यथा निर्धारित लक्ष्यों की पूर्ति न होने की दशा में कठोर कार्यवाही की जायेगी। |

मासिक समीक्षा बैठक में सभी शहरों को निर्देशित किया गया कि कौशल प्रशिक्षण प्रदाताओं द्वारा MIS में सेवायोजन का विवरण (प्लेसमेन्ट लेटर) अपलोड किये जाने से पहले संबंधित शहर के सी0एम0एम0यू0/डूडा कार्यालय को सेवायोजन का विवरण (प्लेसमेन्ट लेटर) की प्रतिलिपि उपलब्ध करायी जायेगी। यह भी निर्देशित किया गया कि शहर मिशन प्रबन्धक द्वारा शत–प्रतिशत सेवायोजन के लाभार्थियों का सत्यापन किया जाये तथा पी0ओ0/ए0पी0ओ0 द्वारा भी 15–20 प्रतिशत सेवायोजित लाभार्थियों का सत्यापन किया जाये। सत्यापन के लाभार्थियों का समस्त विवरण रजिस्ट्रर पर अंकित किया जाये तथा जिस अधिकारी द्वारा सत्यापन किया जाये उसके हस्ताक्षर भी रजिस्ट्रर पर किये जाये। तत्पश्चात् ही भुगतान की कार्यवाही की जाये।

**EST&P के अन्तर्गत असेसिंग बॉडीस को ससमय भुगतान न होने की निरन्तर मेल और शिकायतें प्राप्त हो रही है। पूर्व में ही निर्देशित किया जा चुका है कि असेसिंग बॉडी को भुगतान करने के पश्चात ही कौशल प्रशिक्षण प्रदाता को द्वितीय किश्त जारी की जाय। अतः सभी शहरों को निर्देशित किया गया कि असेसिंग बॉडी को ससमय (बिल प्राप्त होने के 06 दिनों के अन्दर) भुगतान सुनिश्चित किया जाय। रामपुर और फर्रुखाबाद को निर्देशित किया गया कि एक सप्ताह में सभी असेसिंग बॉडीस को भुगतान किया जाना सुनिश्चित किया जाय।**

**SUSV-** दीनदयाल अन्त्योदय योजना–राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन (DAY-NULM) के घटक शहरी पथ विक्रेताओं को सहायता योजना (SUSV) के अन्तर्गत चयनित सभी शहरों में सर्वे पूर्ण करने, सर्वे प्रारम्भ करने एवं शहरी पथ विक्रेता प्लान तैयार करने हेतु निम्नवत् निर्देशों का कड़ाई से पालन करने का निर्देश दिया गया:–

| क्र. सं. | शहर का नाम | सर्वे | | अनुमोदन बैठक की तिथि | प्लान | | निर्देश |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | सर्वे की स्थिति | सर्वेक्षित पथ विक्रेता | | प्लान उपलब्ध कराने का समय | अब तक कितना समय हो गया | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | सहारनपुर | पूर्ण | 8124 | 21.05.15 | 6 माह | 25 माह | इन सभी शहरों को निर्देशित किया गया कि टाउन वेडिंग कमेटी एवं नगरीय निकाय से शहरी पथ विक्रेता प्लान को अनुमोदित कराते हुए 31.07.2017 तक शहर पथ विक्रेता प्लान को राज्य स्तरीय परियोजना स्वीकृत समिति से अनुमोदन हेतु उपलब्ध कराये। |
| 2 | मेरठ | पूर्ण | 18250 | 30.06.15 | 6 माह | 24 माह | |
| 3 | वाराणसी | पूर्ण | 24472 | 21.08.15 | 6 माह | 22 माह | |
| 4 | फिरोजाबाद | पूर्ण | 10000 | 21.08.15 | 6 माह | 22 माह | |
| 5 | मुजफ्फरनगर | पूर्ण | 4450 | 21.08.15 | 6 माह | 22 माह | |
| 6 | लखनऊ | पूर्ण | 45260 | 21.08.15 | 6 माह | 22 माह | |
| 7 | कानपुर | पूर्ण | 14494 | 21.08.15 | 6 माह | 22 माह | |
| 8 | अलीगढ़ | पूर्ण | 3401 | 01.12.15 | 6 माह | 19 माह | |
| 9 | गोरखपुर | पूर्ण | 7757 | 01.12.15 | 6 माह | 19 माह | |
| 10 | इलाहाबाद | पूर्ण | 12800 | 01.12.15 | 6 माह | 19 माह | |
| 11 | गाजियाबाद | पूर्ण | 23262 | 01.12.15 | 6 माह | 19 माह | |
| 12 | मुरादाबाद | पूर्ण | 8750 | 01.12.15 | 6 माह | 19 माह | |
| 13 | झांसी | पूर्ण | 7638 | 01.12.15 | 6 माह | 19 माह | |
| 14 | आगरा | पूर्ण | 23650 | 02.02.16 | 6 माह | 17 माह | |
| 1 | बरेली | सर्वे प्रारम्भ | 6200 | 18.11.16 | 6 माह | 7 माह | इन सभी शहरों को अवगत कराया गया कि सर्वे और शहर पथ विक्रेता प्लान तैयार करने का निविदा के अनुसार अधिकतम समय छः माह है और अभी तक इन शहरों में सर्वे पूर्ण नही हुआ है। अतः इन शहरों को निर्देशित किया गया कि एक माह में सर्वे पूर्ण कराते हुए शहरी पथ विक्रेता प्लान तैयार किये जाने की कार्यवाही प्रारम्भ करें। |
| 2 | मऊ | | 2400 | 18.11.16 | 6 माह | 7 माह | |
| 3 | मथुरा | | 6500 | 18.11.16 | 6 माह | 7 माह | |
| 4 | जौनपुर | | 0 | 18.11.16 | 6 माह | 7 माह | |
| 5 | लोनी | | 3200 | 18.11.16 | 6 माह | 7 माह | |
| 6 | बुलन्दशहर | | 455 | 18.11.16 | 6 माह | 7 माह | |
| 7 | उन्नाव | | 4800 | 18.11.16 | 6 माह | 7 माह | |
| 8 | शांहजहांपुर | सर्वे अप्रारम्भ | | 12.06.17 | 6 माह | 1 माह | इन सभी शहरों को निर्देशित किया गया कि एक सप्ताह के अन्दर अनिवार्य रुप से सर्वे प्रारम्भ करायें, जिसकी सूचना एस0यू0एल0एम0 को उपलब्ध करायी जाय। अन्यथा सर्वे प्रारम्भ नही होने की दशा में कठोर कार्यवाही की जायेगी। |
| 9 | सम्भल | | | 12.06.17 | 6 माह | 1 माह | |
| 10 | हापुड़ | | | 12.06.17 | 6 माह | 1 माह | |
| 11 | मिर्जापुर | | | 12.06.17 | 6 माह | 1 माह | |
| 12 | फैजाबाद | | | 12.06.17 | 6 माह | 1 माह | |
| 13 | अमरोहा | | | 12.06.17 | 6 माह | 1 माह | |
| 14 | हरदोई | | | 12.06.17 | 6 माह | 1 माह | |
| 15 | फतेहपुर | | | 12.06.17 | 6 माह | 1 माह | |
| 16 | उरई | | | 12.06.17 | 6 माह | 1 माह | |

उक्त सभी शहरों को पुनः स्पष्ट किया जाता है कि एजेन्सी द्वारा सर्वेक्षित सभी पथ विक्रेताओं का बायोमैट्रिक सर्वे आवश्यक है। सर्वे के साथ पथ विक्रेताओं का आधार कार्ड नम्बर अवश्य लिया जाय। जिनके पास आधार कार्ड नही है, उनके आधार कार्ड बनवाने मे सहायता की जाय और आधार कार्ड संख्या अवश्य अंकित की जाय। नगर पथ विक्रय समिति के माध्यम से उन्हें परिचय पत्र, पथ विक्रय प्रमाण पत्र आदि भी जारी करवाने की कार्यवाही की जाय। सिटी स्ट्रीट वेंडिंग प्लान योजना प्राधिकारी (विकास प्राधिकरण आदि) के परामर्श और टाउन वेंडिंग कमेटी की सिफारिस पर नगर

निगम/नगर पालिका परिषद द्वारा बनाये जाने का प्राविधान है। इसे पथ विक्रेता (जीविका संरक्षण और पथ क्रिय विनियमन) अधिनियम 2014, पथ विक्रेता (जीविका संरक्षण और पथ क्रिय विनियमन) नियमावली 2017, उ0प्र0 पथ विक्रेताओं हेतु योजना 2016 तथा दीनदयाल अन्त्योदय योजना– राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के घटक पथ विक्रेताओं को सहायता के प्रचालनात्मक दिशा निर्देशों के अनुरुप तैयार की जायेगी।

**SEP –** दीनदयाल अन्त्योदय योजना– राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन (DAY-NULM) के घटक स्वरोजगार कार्यक्रम (SEP) के अन्तर्गत सभी शहरों द्वारा व्यक्तिगत एवं समूह में ऋण उपलब्ध कराये जाने की प्रगति संतोषजनक नहीं है। SEP(I) के अन्तर्गत भौतिक प्रगति जनपद यथा बुलन्दशहर, बिजनौर, पीलीभीत, मेरठ, खुर्जा, मैनपुरी, मोदीनगर, सम्भल, चन्दौसी, फर्रुखाबाद, इटावा, कानपुर देहात, उरई, श्रावस्ती, महाराजगंज, भदोही, सिद्धार्थनगर, बलिया, बाराबंकी, अम्बेडकरनगर, बस्ती, आजमगढ़, बहराइच, चन्दौली, मिर्जापुर, फतेहपुर, प्रतापगढ़, सन्तकबीर नगर, सोनभद्र, मुगलसराय (चन्दौली), अमेठी, गोण्डा एवं कुशीनगर द्वारा प्रथम तिमाही में निर्धारित लक्ष्यों को शत–प्रतिशत प्राप्त किया गया है, शेष जनपदों द्वारा लक्ष्य की पूर्ति नही की गयी है। जनपद यथा बागपत, बड़ौत (बागपत), कौशाम्बी, फैजाबाद, गाजीपुर, देवरिया, बलरामपुर, उन्नाव द्वारा निर्धारित मानक के सापेक्ष या तो प्रगति शून्य है या तो बहुत ही निम्न है। इन जनपदों द्वारा समीक्षा बैठक में आश्वासन दिया गया है कि 31 जुलाई, 2017 तक निर्धारित लक्ष्य एवं जुलाई माह तक का निर्धारित लक्ष्य को प्राप्त कर लिया जायेगा।

SEP(G) के अन्तर्गत बुलन्दशहर, ललितपुर, मैनपुरी, सम्भल, औरैया, इटावा, फर्रुखाबाद, दादरी (जी0बी गनर), रायबरेली, सिद्धार्थनगर, सीतापुर, बहराइच एवं जौनपुर द्वारा प्रथम तिमाही के अन्तर्गत निर्धारित लक्ष्य को शत–प्रतिशत प्राप्त किया गया है, शेष जनपदों/शहरों द्वारा निर्धारित लक्ष्य की प्राप्ति नही की गयी है। जनपद यथा अलीगढ़, अमरोहा, बदायूँ, बागपत, बड़ौत (बागपत), बांदा, बरेली, बिजनौर, खुर्जा (बुलन्दशहर), चित्रकूट, एटा, फिरोजाबाद, शिकोहाबाद (फिरोजाबाद), मोदीनगर (गाजियाबाद), लोनी (गाजियाबाद), हमीरपुर, हापुड़, हाथरस, उरई (जालौन), कन्नौज, अकबरपुर (कानपुर देहात), कासगंज, महोबा, मथुरा, मुजफ्फरनगर, इलाहाबाद, अम्बेडकरनगर, अमेठी, आजमगढ़, बलिया, बलरामपुर, बाराबंकी, बस्ती, भदोही, चन्दौली, मुगलसराय (चन्दौली), देवरिया, फैजाबाद, फतेहपुर, गाजीपुर, गोण्डा, गोरखपुर, हरदोई, कौशाम्बी, कुशीनगर, लखीमपुर खीरी, लखनऊ, महाराजगंज, मऊ, मिर्जापुर, प्रतापगढ़, सन्तकबीरनगर, श्रावस्ती, सोनभद्र, सलतानपुर, उन्नाव एवं वाराणसी की प्रगति प्रथम त्रैमास में निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष शून्य है, यह स्थिति अत्यन्त ही खेदजनक है।

SEP(Group Linkage) के अन्तर्गत समीक्षा के दौरान यह पाया गया कि जनपद झांसी, चित्रकूट, अलीगढ़, मुजफ्फरनगर, कानपुर नगर, हाथरस, सहारनपुर, बुलन्दशहर, औरैया, लखनऊ, इलाहाबाद, गोरखपुर, रायबरेली, फतेहपुर, जौनपुर, लखीमपुर खीरी, प्रतापगढ़, वाराणसी, बहराइच, गोण्डा एवं बलिया जनपदों द्वारा कुछ प्रयास किया गया है। शेष जनपदों द्वारा इस घटक के अन्तर्गत कोई प्रयास नही किया गया है एवं उनकी प्रगति शून्य है। इस पर निदेशक महोदय द्वारा अप्रसन्नता व्यक्त की गयी तथा निर्देशित किया गया कि किसी भी जनपद की प्रगति 31.07.2017 तक शून्य नही होनी चाहिए। शून्य होने पर स्पष्टीकरण प्राप्त किया जाय तथा विभागीय कार्यवाही हेतु पत्रावली प्रस्तुत की जाय। इसके अतिरिक्त निम्न जनपदों द्वारा निर्धारित लक्ष्य की प्राप्ति हेतु समयबद्ध आश्वासन दिया गया है, स्थिति निम्नवत है:–

| क्र0 सं0 | जनपद/शहर का नाम | SEP(I) निर्धारित तिथि | जनपद/शहर का नाम | SEP(G) निर्धारित तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | सीतापुर | 25.07.2017 | अलीगढ़ | 31.07.2017 |
| 2. | सुलतानपुर | 31.07.2017 | बरेली | 25.07.2017 |
| 3. | बलरामपुर | 25.07.2017 | बांदा | 25.07.2017 |
| 4. | देवरिया | 31.07.2017 | कानुपर देहात (अकबरपुर) | 25.07.2017 |
| 5. | फैजाबाद | 20.07.2017 | महोबा | 25.07.2017 |
| 6. | उन्नाव | 25.07.2017 | पीलीभीत | 21.07.2017 |
| 7. | रायबरेली | 27.07.2017 | शाहजहाँपुर | 31.07.2017 |
| 8. | लखीमपुर खीरी | 26.07.2017 | चन्दौसी | 25.07.2017 |
| 9. | शिकोहाबाद | 20.07.2017 | रामपुर | 31.07.2017 |
| 10. | फिरोजाबाद | 20.07.2017 | फिरोजाबाद | 31.07.2017 |
| 11. | दादरी | 31.07.2017 | मुरादाबाद | 20.07.2017 |

SEP के तीनों उपघटकों के अन्तर्गत जिन जनपदों/शहरों की प्रगति मानक के अनुरुप नही है, उनको विशेष रुप से निर्देशित किया जाता है कि सार्थक प्रयास करके समयबद्ध कार्यक्रम बनाकर लक्ष्य की पूर्ति सुनिश्चित की जाय। जिन जनपदों द्वारा समयबद्ध आश्वासन दिया गया है उनके द्वारा निर्धारित तिथियों तक लक्ष्य पूर्ण न करने पर स्पष्टीकरण प्राप्त करके पत्रावली प्रस्तुत की जाय। यदि 31.07.2017 तक निर्धारित लक्ष्य की प्राप्ति नही की जायेगी तो नीचे से पांच सबसे खराब वाले जनपदों के अधिकारियों/कर्मचारियों के विरुद्ध कार्यवाही के लिए पत्रावली प्रस्तुत की जायेगी।

**CB&T–** दीनदयाल अन्त्योदय योजना– राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन (DAY-NULM) के घटक क्षमता संवर्धन एवं प्रशिक्षण के अन्तर्गत समीक्षा बैठक में निम्नवत निर्देश दिये गये है:–

- जनपद मिर्जापुर एवं बागपत की माह जुलाई, 2017 की समीक्षा बैठक हेतु तिथि माह अगस्त, 2017 में निर्धारित की जायेगी।
- जनपदों यथा कौशाम्बी, बलिया, बलरामपुर, बांदा, महोबा, कन्नौज, जालौन, झांसी, एटा, आगरा, चित्रकूट एवं मैनपुरी के परियोजना अधिकारियों के तीन दिवसीय कम्प्यूटर प्रशिक्षण के कार्यक्रम का आयोजन किया जाना प्रक्रियाधीन है।
- DAY-NULM के अन्तर्गत जनपद महोबा, शाहजहॉपुर एवं बलरामपुर में शहर मिशन प्रबन्धक के रिक्त पर हेतु जनपद स्तर से आवेदन मांगा गया है।
- DAY-NULM के अन्तर्गत कार्यरत शहर मिशन प्रबन्धकों एवं सामुदायिक आयोजकों द्वारा लिये जा रहे अवकाशों का सम्पूर्ण विवरण परियोजना अधिकारियों द्वारा Certify करके एस0यू0एल0एम0 उ0प्र0 को उपलब्ध कराना है जिसका प्रारुप जनपदों को शीघ्र उपलब्ध कराया जायेगा।
- DAY-NULM के अन्तर्गत समस्त घटकों में निर्धारित लक्ष्यों के सापेक्ष प्राप्त लक्ष्यों की समीक्षा प्रत्येक माह की दिनांक 20 एंव 21 को परियोजना अधिकारियों द्वारा की जायेगी, जिसका विवरण एस0यू0एल0एम0 उ0प्र0 को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।
- समीक्षा बैठक में जनपद गाजीपुर के श्री जीवन कुमार भारती, शहर मिशन प्रबन्धक द्वारा DAY-NULM के समस्त घटकों में निर्धारित लक्ष्यों के सापेक्ष लक्ष्यों की प्राप्ति न कर पाने की स्थिति में दिनांक 13.07.2017 से तत्काल प्रभाव से वेतन रोके जाने हेतु निर्देश दिये गये है।

**<u>बी0एस0यू0पी0/आई0एच0एस0डी0पी0 योजना</u>**

- बी0एस0यू0पी0 योजनान्तर्गत जनपद मेरठ, इलाहाबाद, वाराणसी के परियोजना अधिकारी को निर्देशित किया गया है कि वे शीघ्र उपयोगिता प्रमाण–पत्र तथा कम्पलीशन शीघ्र प्रेषित करें। इसके अतिरिक्त जनपद आगरा के परियोजना अधिकारी को भी निर्देशित किया गया है कि वे शीघ्र पूर्ण आवासो का आवंटन सुनिश्चित करें।
- आई0एच0एस0डी0पी0 योजनान्तर्गत जनपद– इलाहाबाद, बहराइच, इटावा, गाजियाबाद, कानपंर देहात, मथुरा, मिर्जापुर, सीतापुर में पूर्ण हो चुकी परियोजनाओं में आवास आवंटन शून्य होने पर रोष व्यक्त किया गया तथा परियोजना अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि आवासों का आवंटन एक सप्ताह में कराना सुनिश्चित करें एवं उनका कम्पलीशन प्रमाण–पत्र भी शीघ्र मुख्यालय को प्रेषित करना सुनिश्चित करें।

- समीक्षा बैठक में यह भी निर्देश दिये गये कि जिन परियोजनाओं में आवासों का आवंटन किया जा चुका है उनमें शीघ्र कब्जा दिलाने की कार्यवाही भी सुनिश्चित की जाये।
- परियोजना अधिकारियों को निर्देश दिये गये कि बीएसयूपी /आईएचएसडीपी योजनान्तर्गत आवासों को पूर्ण कराते हुये प्राथमिकता के आधार पर केन्द्रांश की यू0सी0 तत्काल प्रेषित करना सुनिश्चित करें।
- आई0एच0एस0डी0पी0 योजनान्तर्गत जनपद– चन्दौली के परियोजना अधिकारी को निर्देशित किया गया है कि कार्यदायी संस्था– यू.पी.आर.एन.एन. के साथ सूडा मुख्यालय पर बैठक करा कर परियोजनान्तर्गत आ रही समस्याओं का निराकरण करायें।

**(कार्यवाही सूडा/संबंधित डूडा/कार्यदायी संस्था)**

## राजीव आवास योजना

राजीव आवास योजनान्तर्गत संबंधित जनपदों एवं कार्यदायी संस्था को निर्देशित किया गया कि अपूर्ण परियोजनाओं को प्रत्येक दशा में जुलाई, 2017 तक पूर्ण कराना सुनिश्चित् किया जाये। परियोजना अधिकारियों तथा कार्यदायी संस्था को निर्देशित किया गया कि वे अवमुक्त की गयी प्रथम किश्त की धनराशि के सापेक्ष उपयोगिता प्रमाण–पत्र निर्धारित प्रारूप पर शीघ्र उपलब्ध कराये जिससे कि भारत सरकार से द्वितीय किश्त प्राप्त करने की कार्यवाही पूर्ण की जा सके।

इसके अतिरिक्त यह भी निर्देश दिये गये कि योजनान्तर्गत यदि लाभार्थी नहीं मिल पा रहे हैं तो जनपद स्तरीय कमेटी की अनुमति लेकर धनराशि मुख्यालय को वापस कर दें।

**(कार्यवाही–सूडा/संबंधित डूडा/कार्यदायी संस्था)**

## आसरा योजना

- समीक्षा बैठक में कार्यदायी संस्था तथा परियोजना अधिकारियों को निर्देश दिये गये कि जिन आवासों का निर्माण कार्य प्रगति पर है केवल उन्हीं को पूर्ण किया जाये अनारम्भ आवासों का कार्य प्रारम्भ न किया जाये। अवस्थापना सुविधा की लम्बित डी0पी0आर0 पर भी शीघ्र कार्यवाही सुनिश्चित की जाये।
- यदि किसी स्वीकृत परियोजना में किसी विवाद के कारण कार्य प्रारम्भ नही हो पा रहा है तो उसकी स्वीकृत धनराशि तत्काल मुख्यालय को वापस कर दें।

**(संबंधित डूडा/कार्यदायी संस्था)**

## ई–रिक्शा योजना

मोटर–बैटरी चालित ई–रिक्शा योजनान्तर्गत निर्देशित किया गया कि जिन जनपदों में वितरित ई–रिक्शों का पंजीकरण नहीं हो सका है वे तत्काल पंजीकरण कराना सुनिश्चित करें तथा यदि उक्त मद में धनराशि अवशेष पड़ी है तो उसे तत्काल मुख्यालय को वापस कर दिया जाये।

**(कार्यवाही–समस्त सम्बन्धित डूडा)**

## सूचना का अधिकार अधिनियम – 2005

मासिक समीक्षा बैठक के कार्यवृत्त में यह निर्देशित किया गया था कि सभी जनपद के जनसूचना अधिकारी प्राथमिकता के आधार पर जनपदों में प्राप्त आवेदन पत्रों पर समयानुसार आवश्यक कार्यवाही करें, अन्तरण के प्रकरणों को निर्धारित समयावधि के अन्दर सम्बन्धित विभाग को अन्तरित कर दें। जनपदों को यह भी निर्देशित किया गया था कि प्रत्येक माह में प्राप्त आवेदन पत्रों एवं कृत कार्यवाही का विवरण नियमित रूप से अभिकरण मुख्यालय पर प्रेषित किया

जाना सुनिश्चित करें। खेद का विषय है कि जनपदों द्वारा अपेक्षित सूचना प्रेषित नहीं की गयी है। अभिकरण मुख्यालय पर अनापेक्षित प्रथम अपीलों के योजित होने के परिप्रेक्ष्य में यह निर्देश दिये गये कि जनपद स्तर से यथा समय आवेदन पत्रों का निस्तारण न किये जाने के कारण यह स्थिति उत्पन्न हो रही है। अतः यह निर्देशित किया कि जनसूचना अधिकारी प्राथमिकता के आधार पर आवेदन पत्रों का यथा समय निस्तारण करें।

**(कार्यवाही—जनसूचना अधिकारी/नोडल अधिकारी जनसूचना, सूडा)**

## अर्बन स्टेटिटिक्स फॉर एच आर एण्ड एसेस्मेंट्स (USHA)

ऊषा, स्लम सर्वे के अन्तर्गत जनपदों– बहराइच, इटावा, हमीरपुर, कासगंज, मऊ, मुज्जफरनगर, रामपुर, श्रावस्ती को निर्देशित किया गया कि इस योजना हेतु आवंटित धनराशि के सापेक्ष लम्बित उपयोगिता प्रमाण–पत्र तत्काल प्रेषित करें एवं अनुपयोग की स्थिति में धनराशि अभिकरण मुख्यालय को वापस करना सुनिश्चित करें।

## स्वर्ण जयन्ती शहरी रोजगार योजना

- स्वर्ण जयन्ती शहरी रोजगार योजना के अंतर्गत जनपद– औरैया, बागपत, इटावा, कुशीनगर, मथुरा, मेरठ, मुज्जफरनगर, रामपुर, शाहजहॉपुर, शामली, सीतापुर, श्रावस्ती के पास धनराशि अवशेष है तथा उपयोगिता प्रमाण पत्र भी लंबित है, को निर्देशित किया गया कि वे एक सप्ताह में लेखा मिलान कराते हुए उपयोगिता प्रमाण पत्र अभिकरण मुख्यालय को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें और यदि धनराशि व्यय नहीं हो पायी है तो उसे एक सप्ताह में मुख्यालय को वापस करना सुनिश्चित करें।

**(कार्यवाही—संबंधित सूडा/डूडा)**

## प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी)—सबके लिये आवास –

**1–** प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के अन्तर्गत डाटा–प्रमाणीकरण की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गयी। तत्क्रम में निर्देशित किया गया कि जिन नगर निगमों में डाटा प्रमाणीकरण का कार्य अनारम्भ/अपूर्ण है उन नगर निगमों में तत्काल कार्य प्रारम्भ/पूर्ण कराना सुनिश्चित किया जायें।

**2–** सभी संस्थाओं के प्रतिनिधियों को निर्देशित किया गया कि जिन जनपदों की निकायों में डाटा प्रमाणीकरण का कार्य अभी प्रारम्भ नही हुआ है वे तीन दिवस के अन्दर सम्बन्धित परियोजना अधिकारी/अधिशासी अधिकारी से सम्पर्क करते हुए विशेष कैम्प लगाकर कार्य प्रारम्भ करायें।

**3–** बैठक में सभी परियोजना अधिकारियों को अवगत कराया गया है कि प्रथम चरण में 50000 आवासों की डी0पी0आर0 तैयार कर भारत सरकार से स्वीकृत करायी जानी है। अतः इस दिशा में त्वरित कार्यवाही किया जाना सुनिश्चित किया जाए।

**4–** परियोजना अधिकारी इलाहाबाद द्वारा अवगत कराया गया कि नगर निगम–इलाहाबाद में डाटा प्रमाणीकरण का कार्य प्रारंभ नहीं हो पाया है एव परियोजना अधिकारीं, फतेहपुर द्वारा भी डाटा प्रमाणीकरण कार्य की असंतोषजनक प्रगति से अवगत कराया गया, इस पर रोष व्यक्त किया गया तथा सम्बन्धित संस्था–**विजन** को कडे निर्देश दिये गये कि तीन दिवस में डाटा प्रमाणीकरण का कार्य प्रारंभ किया जाये। उक्त के अतिरिक्त जनपद– लखनऊ में भी डाटा प्रमाणीकरण के कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिये गये।

**5**– बैठक में उपस्थित सभी कन्सलटेन्टस को निर्देशित किया गया कि वे सभी सम्बन्धित परियोजना अधिकारियों के नियमित सम्पर्क में रहते हुए अपने कार्यों एवं कार्यरत कर्मचारियों की पूर्ण जानकारी उनको नियमित रूप से उपलब्ध करायें।

**6**– समीक्षा बैठक में यह भी निर्देश दिये गये कि समस्त नगर निगमों में 15–अगस्त,2017 तक तथा शेष निकायों में 31–जुलाई,2017 तक डाटा प्रमाणीकरण का कार्य प्रत्येक दशा में पूर्ण कराते हुये अगस्त मासान्त तक प्लान ऑफ एक्शन तैयार कराना सुनिश्चित किया जाये।

जनसुनवाई (आई0जी0आर0एस0) –

समीक्षा बैठक में **आई0जी0आर0एस0** प्रणाली के अन्तर्गत जनपदों– आगरा, अलीगढ़, बहराइच, कानपुर नगर, लखनऊ, कुशीनगर, मेरठ, मैनपुरी एवं फतेहपुर के परियोजना अधिकारियों को जनसुनवाई से सम्बन्धित अन्तरित/लम्बित प्रकरणों को एक सप्ताह में निस्तारण किये जाने के निर्देश दिये गये।

(शैलेन्द्र कुमार सिंह)
निदेशक

## राज्य नगरीय विकास अभिकरण (सूडा), उत्तर प्रदेश

पत्रांक– 1574/110/तीन/97 Vol-VII दिनांक– 26/7/17

**प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचना एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु –**

1. निदेशक, स्थानीय निकाय, उ0प्र0, लखनऊ।
2. समस्त जिलाधिकारी/अध्यक्ष, जिला नगरीय विकास अभिकरण, उ0प्र0।
3. निदेशक कैम्प/अपर निदेशक कैम्प वित्त नियंत्रक कैम्प, सूडा।
4. समस्त नगर आयुक्त, नगर निगम, उ0प्र0।
5. निदेशक, सी एण्ड डी0एस0, जल निगम, उ0प्र0।
6. सूडा के समस्त अधिकारीगण व समस्त पटलप्रभारी को अनुपालनार्थ।
7. समस्त सिटी प्रोजेक्ट आफिसर, एन0यू0एल0एम0 शहर।
8. समस्त परियोजना अधिकारी/सहायक परियोजना अधिकारी, जिला नगरीय विकास अभिकरण, उ0प्र0।
9. श्री योगेश आदित्य, सहा0परि0अधि0/वेब मास्टर, सूडा को सूडा की वेबसाइट **www.sudaup.org** पर अपलोड करने हेतु।

(शैलेन्द्र कुमार सिंह)
निदेशक